भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2983**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना प्रवण क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट) संबंधी सर्वेक्षण**

2983. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:
श्री पुट्टा महेश कुमार:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान संपूर्ण देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना प्रवण क्षेत्र के संबंध में कोई अध्ययन/सर्वेक्षण कराया है;

(ख) आन्ध्र प्रदेश, विशेषकर नेल्लोर और इलुरू जिलों में चिह्नित दुर्घटना प्रवण क्षेत्र की जिला-वार सूची का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश, विशेषकर उक्त जिलों में चिह्नित दुर्घटना प्रवण क्षेत्र में हुई दुर्घटनाओं और हताहतों की कुल संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान संपूर्ण देश में दुर्घटना प्रवण क्षेत्रों की संख्या को कम करने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी राज्य-वार विशेषकर आन्ध्र प्रदेश में आबंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना प्रवण क्षेत्र के बारे में जागरूकता फैलाने का कार्य किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार ने दुर्घटनाओं में मृत्यु और गंभीर चोटों के आंकड़ों के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्गों पर 13,795 ब्लैक स्पॉट की पहचान की है।

(ख) और (ग) विवरण अनुबंध में हैं।

(घ) और (ड.) सरकार ने दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉट पर सड़क चिह्नांकन, साइनेज, क्रैश बैरियर, रोड स्टड, डिलिनेटर, अनधिकृत मध्य मार्ग को बंद करना, यातायात कम करने के उपाय आदि जैसे तत्काल अल्पकालिक उपाय किए हैं। ब्लैक स्पॉट के स्थायी सुधार के लिए सड़क ज्यामितीय सुधार, जंक्शन सुधार, कैरिजवे का चौड़ीकरण, अंडरपास/ओवरपास का निर्माण आदि जैसे दीर्घकालिक उपाय किए गए हैं। 9,525 ब्लैक स्पॉट पर अल्पकालिक सुधार उपाय पूरे किए गए हैं और 4,777 ब्लैक स्पॉट के स्थायी सुधार उपाय पूरे किए गए हैं।

सड़क दुर्घटना ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्यों के लिए अलग से कोई निधि आवंटित नहीं की जाती है, जिन्हें या तो चल रहे एनएच विकास कार्यों के भाग के रूप में या एकल आधार पर निष्पादित किया जाता है। हालाँकि, आंध्र प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए विगत

तीन वर्षों के दौरान आवंटित निधि और व्यय का विवरण, जिसमें सड़क दुर्घटना ब्लैक स्पॉट का सुधार भी शामिल है, निम्नानुसार है:

| वर्ष | आवंटन (करोड़ रूपये में) | व्यय (करोड़ रूपये में) |
|---|---|---|
| 2019-20 | 6618 | 6618 |
| 2020-21 | 4281 | 4281 |
| 2021-22 | 5,890 | 5,890 |
| 2022-23 | 6,957 | 6,957 |
| 2023-24 | 11,440 | 11,440 |
| 2024-25 | 6721 | 5797 |

(च) जी हाँ, सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए विभिन्न एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार योजना का संचालन करता है। इसके अलावा, जागरूकता फैलाने और सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रति वर्ष राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह/सप्ताह मनाया जाता है। मंत्रालय देश भर में राज्य/जिला स्तर पर ड्राइविंग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (आईडीटीआर), क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र (आरडीटीसी) और ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र (डीटीसी) स्थापित करने के लिए एक योजना भी संचालित करता है।

**अनुबंध**

**"राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना प्रवण क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट) संबंधी सर्वेक्षण" के संबंध में श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी और श्री पुट्टा महेश कुमार द्वारा दिनांक 12.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2983 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

वर्ष 2016-2021 के दौरान जिलेवार सडक दुर्घटना ब्लैक स्पॉट, दुर्घटनाओं की संख्या और ऐसे ब्लैक स्पॉट पर मौंतों की संख्या सहित:

| क्र. सं. | ज़िला | ब्लैक स्पॉट की संख्या | दुर्घटनाओं की संख्या | मौंतों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अलुरी सीताराम राजू | 2 | 16 | 8 |
| 2 | अनकापल्ली | 24 | 279 | 149 |
| 3 | अनंतपुरमु | 84 | 777 | 441 |
| 4 | अन्नमय्या | 26 | 212 | 151 |
| 5 | बापतला | 10 | 95 | 70 |
| 6 | चित्तूर | 41 | 332 | 149 |
| 7 | पूर्वी गोदावरी | 103 | 1123 | 860 |
| 8 | एलुरु | 21 | 142 | 93 |
| 9 | गुंटूर | 43 | 775 | 528 |
| 10 | काकीनाडा | 32 | 273 | 147 |
| 11 | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनासीमा | 9 | 73 | 48 |
| 12 | कृष्ण | 78 | 697 | 436 |
| 13 | कुरनूल | 84 | 718 | 465 |
| 14 | नांदयाल | 4 | 34 | 17 |
| 15 | एनटीआर | 58 | 520 | 304 |
| 16 | पलनाडू | 10 | 117 | 70 |
| 17 | पार्वतीपुरम मन्यम | 5 | 43 | 19 |
| 18 | प्रकाशम | 42 | 535 | 273 |
| 19 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | 71 | 692 | 603 |
| 20 | श्री सत्य साई | १३ | 120 | 90 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 52 | 434 | 222 |
| 22 | तिरुपति | 34 | 341 | 197 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 102 | 1554 | 475 |
| 24 | विजयनगरम | 133 | 1157 | 628 |
| 25 | पश्चिमी गोदावरी | 70 | 805 | 394 |
| 26 | वाईएसआर | 51 | 373 | 254 |
| | कुल | 1202 | 12237 | 7091 |

*****